## उज्ज्वला योजना से गैस सिलेंडर देकर हमने बहनों को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई : नीता पटेरिया

### • भाजपा के संकल्प सिद्धि अभियान को लेकर भाजपा मंडल छपारा की कार्यशाला आयोजित

**छपारा, देशबन्धु।** स्थानीय रेस्ट हाउस में विगत दिवस भाजपा मंडल की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य मोदी सरकार की उपलब्धियों उनकी जनहितैषी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना, विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करना कार्यशाला का मुख्य विषय रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से सिद्धि अभियान 2014 से 2025 तक के 11 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल के बारे मे विस्तृत चर्चा हुई। इस कार्यशाला मे पूर्व सांसद नीता पटेरिया, पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह द्वारा विस्तार पूर्वक विकसित सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल भारत का अमृत कल की संपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद विधायक नीता पटेरिया ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में उन्होंने दृढ़ किया, सशक्त भारत का निर्माण करना है।



भारत सशक्त होगा, शक्तिमान बनेगा और सुरक्षित होगा, तब भारत विकास कर पाएगा। अगर शक्ति नहीं रहेगी तो आतंकवाद से जुझता रहेगा। पाकिस्तान आंख दिखाएगा, अगर सशक्त होगा तो सुरक्षित होगा, सुरक्षित होगा तो विकसित होगा। इस बात पर शक्ति सेवा सुरक्षा तीनों मुद्दों पर हमारी सरकार भारतीय जनता पार्टी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने गरीब कल्याण के काम किया। हमने गरीबों को अनाज दिया, हमने बहनों के आंखों से धुआ के आंसू पहुंचे। उज्जवला गैस के माध्यम से किसानों का सम्मान किया। हमने उचित मूल्य पर गेहूं मक्का तिलहन समर्थन मूल्य में खरीदा किसानों को सम्मान निधि दी, जिससे वह खेतों में समय पर खाद्य डाल सके। कांग्रेस के समय में डीएपी नहीं मिलती थी, इसके लिए किसान आंदोलन करते थे। समय पर कभी खाद बीज भी नहीं मिलता था।

किसान मजदूर के लिए एक अच्छी व्यवस्थाएं करी उनके लिए काम तलाश रोजगार के अवसर प्रदान किया। सबको बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया आज जो भी पैसा आता है खातों के माध्यम से सीधा पहुंचता है। नवल किशोर श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष द्वारा संकल्प पत्र के माध्यम से शपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान, नागेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह खेरी व्यास नारायण सिंह, अर्जुन सिंह, मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र पाठक निशा सुरेश पटेल, अध्यक्ष नगर परिषद शिवकांत सिंह, उपाध्यक्ष पार्षद धर्मेंद्र जैन, राकेश भारद्वाज, प्रदीप जैन, चक्रेश सिंह, पार्षद शिवनीता जितेन्द्र सिंह सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## सांसद निधि से बनेगा संत निवास

### • बंटी साहू ने 5 लाख रुपए देने की घोषणा की

**रामाकोना, देशबन्धु।** संतों की नगरी श्री तीर्थ क्षेत्र पैठन तुल्य ग्राम रामाकोना के प्रसिद्ध विट्ठल रुखमणि मंदिर देवस्थान मे शनिवार को एकनाथ षष्ठी सप्ताह समिति के आग्रह पर जिले के सांसद विवेक बंटी साहू ने मंदिर पहुंच कर एकादशी के पावन पर्व पर श्री विट्ठल रुखमनी के दर्शन कर आरती मे शामिल होकर जिले की सुख शांति समृद्धि की कामना की. इस अवसर पर पांढुर्ना भाजपा के जिलाध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड़, युवा भाजपा नेता राहुल मोहोड़, मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल, सरपंच श्रीमती श्वेता गोहेल,उपसरपंच संतोष चौधरी, जनपद सदस्य गुलाबराव पांडे, राजेंद्र भक्ते उपस्थित रहे।

समिति की ओर से नारायण खंडाईत एवं राजू रूँघे द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए जिले के सांसद के सामने संत निवास हेतु सहयोग की अपेक्षा रखी। जिस पर जिले के सांसद ने अपनी निधि से 5 लाख रूपये देने की मंच से घोषणा कर दी। पूर्व स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री नानाभाऊ एवं मोहोड़ परिवार कोई कमी नहीं की विट्ठल मंदिर के लिए जब भी ग्राम रामाकोना का नाम निकलता हो और विट्ठल मंदिर का नाम निकलता हो तो



स्वाभाविक है। नानाभाऊ मोहोड़ एवं मोहोड़ परिवार का जरूर नाम निकलता ही है। शनिवार को सांसद बंटी साहू ने संत निवास के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की इसके पूर्व मे पूर्व स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री नानाभाऊ मोहोड़ एवं मोहोड़ परिवार के द्वारा विट्ठल मंदिर देवस्थान के लिए कई सौगाते दि है जिसमे विट्ठल मंदिर प्रवेश द्वार, विट्ठल मंदिर के सामने लगभग 40 लाख की लागत से शेड, मोहोड़ परिवार की ओर से 2 लाख की लागत से एल्यूमिनीयम गेट एवं अन्य कार्य मोहोड़ परिवार के सहयोग से पूर्ण हुए है।

## सार-समाचार

### जिला युवा अनुसूचित जाति विभाग की बैठक आयोजित



**सौसर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, पूर्व सांसद नकुल नाथ, प्रभारी गंगा प्रसाद तिवारी, जिला अध्यक्ष सुरेश झलके के निर्देशानुसार दिन शनिवार को नगर सौसर स्थित विधायक निवास स्थान पर जिला युवा अनुसूचित जाति विभाग की विशेष बैठक संपन्न हुई, जिसमें ग्वालियर उच्च न्यायालय में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय संविधान सत्याग्रह के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा कर नव नियुक्त पदाधिकारीयों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सभी वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर विधायक विजय चौरे, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे ,स्ट प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉ. राजेश सोमकुवर ,जिला प्रवक्ता विट्ठल गायकवाड, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलशन गजभिए, लेखराज डोंगरे ,मनीष बागड़े, अमोल रंगारे, रूपेश कड़बे ,आकाश रंगारे, निलेश सोमकुवर, अतुल रंगारे, नूतन खरात, राहुल मरकाम एवं कांग्रेस के ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अंजनी के लाल की हुई महाआरती

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस नगर प्रसिद्ध आस्था का केंद्र श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में रामभक्त हनुमान जी की महाआरती पंडित दीपक तिवारी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ पंकज राजपूत के द्वारा पूजन अर्चन किया गया संकट मोचन जी को मैंगो शेक का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों ने सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति, श्री हनुमान चालीसा, श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को हनुमान लला जी की संगीतमय महाआरती विगत 5 वर्षों सेभी अधिक समय से एवं 288 वें सप्ताह से निरंतर जारी हे साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यो द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई।



## मोदी के 11 वर्षों का कार्यकाल उपलब्धियों को साकार करने वाला रहा : प्रशांत पटेल

**सिवनी, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के सफलतम 11 वर्षों के पूर्ण होने के अवसर पर संकल्प से सिद्धि - विकसित भारत विषय पर आधारित विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन नागनदेवरी मंडल द्वारा अस्पताल परिसर में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यसमिति सदस्य श्री ज्ञान प्रसाद सिरबैया जी ने की। उन्होंने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जिसकी शक्ति जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प में निहित है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में हुए व्यापक परिवर्तन और सर्वांगीण विकास को रेखांकित किया।

सभा के कार्यक्रम प्रभारी श्री दिनेश डेहरिया जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती का मूल आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन ने हर लक्ष्य को कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता के बल पर



सफलतापूर्वक प्राप्त किया है।

जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा श्री शिवकुमार सिरबैया जी ने अपने उद्बोधन में आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मंडल स्तर पर सफल बनाने का आह्वान किया तथा योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री प्रशांत पटेल ने कहा कि भाजपा नागनदेवरी मंडल के कार्यकर्ता सदैव संकल्पबद्ध रहते हैं।

इस अवसर पर प्रमुख पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से सरपंच श्रीमति सुभद्रा बरकड़े जी, धनककड़ी उपसरपंच श्री रमेश नाथ,श्री मुकेश पटेल, श्री जुगल किशोर पटेल, श्री हीरालाल सेन,श्री नेमसिंह परते,श्री मनोज साहू, श्री रामेश्वर कहार, श्री रामस्वरूप यादव, श्री सतेंद्र सिरबैया,श्री राजेंद्र यादव,श्री उत्तम गोल्हानी,श्री रुपनारायण साहू, भूपेंद्र सेन श्री मनीष नाथ, श्री दिनेश सेन श्री जग्गीलाल धुर्वे, श्री कपिल नाथ,श्री हीरालाल रजक,सहित सभी मंडल के कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, मातृशक्ति व देव दुर्लभ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश डेहरिया ने प्रभावी रूप से किया। अंत में कार्यालय मंत्री रूपनारायण साहू ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## लोधीखेड़ा पुलिस ने बाइक चोरों को किया गिरफ्तार

**लोधीखेडा, देशबन्धु।** लोधीखेड़ा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने यहां से दो बाइक चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड 9 के निवासी पिंटू पिता गणेश रंभाड़े द्वारा 26 मई को घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने की थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई तथा वार्ड 10 में रहने वाले पार्थी लक्ष्मीचंद रायकवार ने 16 जून को थाने में मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की थी, जिसके तहत थाना लोधीखेड़ा में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर अनुसंधान में लिया गया।

थाना प्रभारी एबी मर्सकोले के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा घटना दिनांक से लगातार संदेहियों,पूर्व में मोटरसाइकिल चोरी में संलिप्त संदेहियों व लगातार आसपास क्षेत्र में चोरी हुई मोटरसाइकिल व अज्ञात चोरों की पतासाजी करने में पुलिस टीम सतत प्रयासरत रही। इस दौरान 21 जून को वाहन चेकिंग के दौरान दो आरोपी क्रिस उर्फ चिक्या एवं इरफान उर्फ तूफान को 16 जून



को चोरी हुई मोटरसाइकिल एवं 25 मई को चोरी हुई मोटरसाइकिल को छुपा कर रखने सहित एक लोहे का धारदार चाकू जप्त कर आरोपियों को जेल भेजा गया। कार्रवाई में पुलिस टीम में शामिल निरीक्षक एबी मर्सकोले, सउनि संतोष सिंह ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक मोहन पवार, प्रधान आरक्षक अजय रघुवंशी, आरक्षक चंद्र किशोर रघुवंशी,सुमित धुर्वे,भाग्यश्री धुर्वे, कमलेश धुर्वे, दुर्गेश धुर्वे का आरोपियों को पकड़ने एवं माल मशरूका जप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## योग स्वास्थ्य और मानसिक शांति का आधार

**पीपला नारायणवार, देशबन्धु।** पीपला नगर में शनिवार को सांदिपनि उमा विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन व मालाअर्पण कर किया गया जिसका शुभारंभ प्राचार्य गणेश परतेती सर द्वारा करते हुये कहां है कि हमारे स्वस्थ्य जीवन के लिये योग क्यो आवष्यक पर विस्तार से जानकारी दी। अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष अरूणा कैलाश चौधरी, नगर परिषद अधिकारी सीएमओ जयप्रकाश रजक सर , पार्षद राजेश चेडगे, रामराव मदनकर, जगदीश त्रिवेदी, मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे, प्रदीप माहेष्वरी, प्रदीप केने, जयंत शेडे, भारती चौरासे विजय वनकर नीरज श्रीवास्तव उपस्थित थे। आकाशवाणी के माध्यम से योग का लाईव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकद्वय चंद्रशेखर जैवार, मधु डेहरिया, अनामिका मंडाले, प्रवीण पाटील, संजय सालबर्डे, बादल बोरकर, धर्मवती कवडेती, ओमकार किंनकर, उषा सहारे, शशिकला धुर्वे, अष्विनी वंजारी, इंदु इवनाती लक्ष्मी देशमुख उपस्थित थे।



## स्वस्थ जीवन, शांत मन एवं निरोगी शरीर के लिए योग है आवश्यक



**चौरई, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चौरई प्रशासन द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौरई मे आयोजित योग संगम कार्यक्रम में योगाभ्यास किया, साथ ही आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम मे आयोजित योग कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी से लाइव प्रसारण के मध्यम से जुड़ा। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी प्रभात मिश्रा, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सेन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभयराज सिंह जी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बघेल, संकुल प्राचार्य अवस्थी जी, पार्षद सभापति महेंद्र वर्मा सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षाकाएं, छात्र- छात्राएं, नगर पालिका एवं प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 23 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, नक्षत्र-कृतिका।**

मेष - पारिवारिक और ऑफिस के मैटर्स पर आप सामंजस्य रखेंगे, तो संघर्ष कम होगा। वाणी पर संयम रखना हितकर होगा, अन्यथा किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। मित्रों से लाभ प्राप्त होगा।

वृषभ - दृढ़ विचारों के कारण अपने काम को अच्छी तरह से कर सकेंगे। आपकी कलात्मकता अधिक निखरेगी। आप नए वस्त्र, अलंकार, सौंदर्य प्रसाधन और मनोरंजन के पीछे धन खर्च करेंगे। परिवार में शांति और मेल-जोल बना रहेगा।

मिथुन - आज संयमित व्यवहार आपको बहुत सी तकलीफों से बचा लेगा। आपके व्यवहार के कारण गलतफहमी हो सकती है। शारीरिक पीड़ा के कारण मानसिक अस्वस्थता की अनुभूति होगी।

कर्क - आकस्मिक धन प्राप्ति का लाभ होगा। आज का दिन अत्यंत रोमांचक और आनंदप्रद बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यापारियों को मुनाफा वाले सौदे होंगे। पुत्र और पत्नी से लाभ होगा।

सिंह - आज का दिन नौकरी और व्यवसाय के लिए लाभदायक है। अपने काम से सभी को प्रभावित करेंगे। दृढ़ता और आत्मविश्वास के कारण अपने काम को अच्छी तरह से पूरा कर सकेंगे। अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे।

कन्या - आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। चिंता के कारण मानसिक परेशान रहेंगे। शारीरिक रूप से स्फूर्ति का अभाव रहने से थकान और अशक्ति का अनुभव होगा, इससे काम में भी मन नहीं लगेगा।

तुला - आपको अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना होगा। कटुवाणी और खराब व्यवहार के कारण विवाद या मतभेद हो सकता है। उग्र स्वभाव और खर्च पर अंकुश रखें। आपके विरोधी अधिक सक्रिय बनेंगे।

वृश्चिक - आज आपका दिन आनंद और मौज-मस्ती से भरपूर रहेगा। दोस्तों का साथ मिलेगा। नए वस्त्र और आभूषण पहनने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही आप स्वादिष्ट भोजन प्रवास और मनोरंजन का आनंद लेंगे।

धनु - नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा और लाभदायक लग रहा है। आपको वित्तीय लाभ हो सकता है। सहकर्मी और सेवकों से सहायता मिलेगी। सभी काम में सफलता और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - आज आप मानसिक रूप से काफी अशांत और असमंजस में रहेंगे। आप कोई भी ठोस निर्णय नहीं ले पाएंगे, जिससे तनाव में रहेंगे। भाग्य आज आपके साथ नहीं रहेगा, इससे आपको काफी निराशा का अनुभव होगा।

कुंभ - अत्यधिक संवेदनशील होने के कारण आज आप मानसिक बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। इस कारण जिद्दीपन आएगा। सार्वजनिक रूप से मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें।

मीन - आज का दिन महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए शुभ है। विचारों में दृढ़ता रहेगी, काम अच्छी तरह से पूरे होंगे। सृजनात्मक और कलात्मक शक्ति में वृद्धि होगी। दोस्तों या परिजनों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

## सांसद ने किया 30.32 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**छपारा, देशबन्धु।** सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के मुख्य अतिथि एवं सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन, विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन के मुख्य विशेष अतिथि में भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

विधानसभा क्षेत्रांतर्गत नगर परिषद छपारा में मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग अमृत 2.0 योजना अंतर्गत तीस करोड़ बत्तीस लाख एक हजार रुपए की राशि से स्वीकृत निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें नगर परिषद छपारा में अमृत 2.0 अंतर्गत वॉटर सप्लाई योजना के निर्माण कार्य का भूमिपूजन।. नगर परिषद छपारा में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 योजनांतर्गत एसटीपी निर्माण कार्य का भूमिपूजन। वार्ड क्रमांक. 15 शिवाजी वार्ड, देवरी कलां में पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन। निकाय क्षेत्रांतर्गत विसर्जन कुंड, पार्क, शौचालय, गेट, चैन फैंसिंग, लाईटिंग



एवं सीसी रोड निर्माण कार्य एवं भूमिपूजन। वार्ड क्रमांक. 09 आजाद वार्ड, अंतर्गत नवनिर्मित पुल से झंडा चौक की ओर आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य एवं भूमिपूजन।

वार्ड क्रमांक. 03 शिवनगर वार्ड, चमारी तिगड्डा में शासकीय कन्या शाला के समीप सुलभ शौचालय निर्माण कार्य का लोकार्पण कार्यक्रम समेत जनपद जनपद पंचायत छपारा के विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर परिषद छपारा निशा सुरेश पटेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष ठा. शिवकान्त सिंह , छपारा नगर परिषद पार्षद धर्मेंद्र जैन, शिवनीता राजपूत, निर्मला ठकारिया, रामेश्वर बंजारा, सोनल चंदू श्रीवात्री, प्रीति सुरजीत सिंह , हेमलता अखिलेश सोनी, अहिल्या उइके, दिनेश उइके, शशि नागेश, चन्द्रशेखर श्रीवात्री सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## आईवीओ टीम ने पौधे भेंट कर दिया पर्यावरण का संदेश

**सौसर, देशबन्धु।** इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन टीम सौसर द्वारा पर्यावरण संरक्षण की बात ध्यान में रखते हुए आज आईवीओ टीम द्वारा पूर्व सैनिक रत्नाकर अंबडकर साहब के भतीजे और अशोक अंबेडकर के बेटे अमन की शादी के मौके पर वर वधु को आम और जामुन का पेड़* भेट किया गया और साथ ही उस पेड़ को लगाकर पेड़ की देखभाल करने और पर्यावरण को संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया द्य इस अनोखी पहल की सराहना विवाह समारोह में आये हुए कई मेहमानों ने की। सर्वोत्तम बात तो यह रहीं कि शादी वाले नव विवाहित जोड़े को काफी अच्छा लगा कि हमें भी पर्यावरण के संरक्षण हेतु काम करने का मौका मिल रहा है। इस विवाह समारोह में आई वी ओ टीम सौसर से रमेश गौतम, आशीष ठाकरे, धनराज वाठ, प्रदीप कलसकर प्रदेश उपाध्यक्ष और जिला महासचिव छिंदवाड़ा / पांढुर्णा उपस्थित थे।

इसी कड़ी में आज साईं क्रेडिट बैंक के संचालक राज बत्रा को भी उनके बैंक के टेबल के लिए भी पौधा भेट किया गया तथा सीएम राइज स्कूल की प्राचार्य शैलजा बत्रा मैडम को भी पौधा भेट किया गया साथ ही सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उईके साहब को भी इस पावन अवसर पर पौधा भेट किया गया इस मोहिम में वरिष्ठ वेटरन राजेश्वर परतेती साहब का भी सहयोग रहा।